Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 01-03-2022 | अंक 156

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### विषपान से महिला गंभीर, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना अंर्तगत बाराटांड निवासी कार्तिक रविदास की पत्नी तारा देवी उम्र 45 वर्ष ने घरेलू विवाद में आकर विषपान कर ली। जिससे महिला गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर उनके परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथ.मिक उपचार के बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## सूचना

आप सभी अपेम लाइव न्यूज के पाठको को सूचित किया जाता है की कल 2 मार्च को खबर प्रकाशित नही किया जायेगा।







APEM LIVE NEWS सच का साथी

# जो भगवान से प्रेम करते हैं उन्हें होती है बैकुंठ की प्राप्ति : सुनील गोपाल दास जी महाराज

## एकल अभियान बरही अंचल की ओर से तीन दिवसीय ज्ञान महायज्ञ सह श्री हरि कथा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

एकल अभियान बरही अंचल की ओर से तीन दिवसीय ज्ञान महायज्ञ सह श्री हरि कथा कार्यक्रम न्यू रेलवे क०लोनी स्टेशन रोड बरही में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एकल अभियान श्रीहरि कथा कार्यक्रम के संयोजक प्रो हिरामन साव, एकल सचिव कृष्णा प्रजा.पति, आरएसएस के सेवा सह प्रमुख त्रिवेणी साहू, एकल अभियान बरही अंचल के प्रभारी व उपाध्यक्ष राजसिंह सिंह चौहान, गोपाल पंडित, अपेम संरक्षक शिव शंकर लाल ने भारत माता के चित्र एवं सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। ज्ञान यज्ञ महायज्ञ का विधि विधान बतौर यजमान उषा रानी व कृष्णा प्रजापति तथा पिंकी देवी एवं उमाकांत पंडित ने किया। विधि विधान छोटी छावनी अयोध्या से पधारे यज्ञाचार्य सुनील गोपाल दास जी महाराज के द्वारा संपन्न कराया गया। तीन दिनों तक चलने वाले हरि कथा कार्यक्रम के पहला दिन सुनील गोपाल दास जी महाराज ने जीवन जीने की कला से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान के कथा का श्रवण करते हैं। उन्हें भगवत की प्राप्ति होती है। भग.वान से प्रेम करने वाले मरणोपरांत बैकुंठ को प्राप्त होते हैं। लेकिन जो तामसी भोजन करते हैं। जो सत्संग को प्राप्त नही करते है उन्हें नरक की प्राप्ति होती है। इसलिए मनुष्य को वैष्णव भोजन करनी चाहिए। इसके सेवन से हमेशा सकारात्मक ऊर्जा की उतपति होती है। इस अवसर पर भाग अभियान प्रमुख ओम प्रकाश कुमार ने एकल अभियान की कार्य पद्धति से अवगत कराया। वही प्रो हिरामन साव ने बताया कि एकल अभियान के माध्यम से सभी एकल ग्रामो में श्री हरि कथा का आयोजन कर अपनी धर्म संस्कृति के प्रति जागृति लाना है। मौके पर मुनेश्वर प्रजापति, टेकलाल प्रजापति, ओम प्रकाश कुमार, कपिल महतो, संदीप चंद्रवंशी, मनोज महतो, मनोज कुमार, शीला देवी, सुनैना देवी, नरेश प्रजापति, अविनाश कुमार , मोनू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।





जीवन जीने की कला पर प्रवचन देते सुनील गोपाल दास जी महाराज

# लसकरी में श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया गया महाशिवरात्रि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंर्तगत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी में शांति एवं श्रद्धा के साथ शिवरात्रि पूजा मनाया गया। सुबह पांच बजे से ही लसकरी के स्थानीय शिव मंदिर में जल चढ़ाने को लेकर श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही। सैकड़ों महिला एवं पुरुष ने भगवान शिव पर जलाभिषेक कर गांव में शांति चौन बहाल रहने को लेकर प्रार्थना किया। वहीं जानकी रजक ने बताया की महा.शिवरात्रि पूजा के उपलक्ष्य पर 12 घंटा का अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मौके पर सोनू पंडित, दिनेश प्रजापति, प्रदीप रजक, शिवकुमार राम, विकाश कुमार, मनीष कुमार, विक्रम कुमार, राहुल कुमार, सुजल कुमार, सोबरन प्रजापति, उमेश राम, मुरारी राम, संदीप राम, बिनोद चंद्रवंशी, उदित प्रजा.पति, सुनील प्रजापति, राजू रजक, गौतम रजक, यादव रजक, विजय प्रजापति, रोहित कुमार, सनी कुमार, नरेश प्रजापति, अभय कुमार, पियूष कुमार, नितेश कुमार, महादेव रजक, निखिल कुमार, अमन कुमार, अमित कुमार, पंकज कुमार, महेश प्रजा.पति, चंदर प्रजापति, पिंटू रजक, संतोष राम, पवन कुमार, प्रमोद कुमार, संगीता देवी, रौशनी कुमारी, नेहा कुमारी, दिव्या कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, खुशी कुमारी, काजल कुमारी, सबिता देवी, सोनम कुमारी, पूनम कुमारी, पुनीता कुमारी, रानी कुमारी, अंकिता कुमारी, अंजली कुमारी, सुनैना कुमारी एवं सैकड़ों महिला मौजूद थे।



APEM LIVE NEWS सच का साथी

दिनांकः 01-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 02

## श्री राम कथा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखण्ड के खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत विक्रांत क्लब रालो में श्री राम कथा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त बिहार में रहे मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी सौ. हार्द, भाईचारे का वातावरण कायम होता है। उन्होंने कहा कि गीत संगीत सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है और इसे बचाए रखने की जरूरत है। कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम करने से लोगों का मनोरंजन बढ़ता है, साथ ही वातावरण शुद्ध रहता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष रामेश्वर यादव, सचिव महेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष उदय शर्मा, कोषाध्यक्ष चिंतामणि यादव ने महत्ती भूमिका निभाया। इसके अलावा भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भा. जपा ओबीसी प्रमण्डल प्रभारी किशुन यादव, युवा नेता रितेश गुप्ता, खोड़ाहर प्रधान खिरोधर यादव, मल. कोको प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव, सामाजिक कार्यकर्ता महेश यादव, दिनेश यादव, रितेश यादव, राजू यादव, राजेश यादव, महेन्द्र यादव, परमेश्वर यादव, इंडियन नेवी मनोज यादव, उदय शर्मा, आर्मी के जवान मनोज यादव, झारखंड पुलिस में पदस्थापित ईश्वर यादव, सीआरपीएफ में पदस्थापित रवि यादव, अनिल यादव, मनोज शर्मा, कैलाश यादव, संतोष यादव, अशोक यादव, उमेश यादव, राहुल यादव, सहदेव यादव, विकाश यादव, बिनोद यादव, कैलाश पंडित, अनिल यादव, प्रभु यादव, सकलदेव यादव, रोहित यादव, महादेव यादव, प्यारेलाल प्रदीप यादव, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## महुवाबाद प्रीमियर लीग का बढ़ा रोमांच, गया ने हजारीबाग को पराजित कर सेमीफाइनल में बनाया स्थान

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



बसरिया पंचायत के महुवाबाद में आयोजित अंतरजिला क्रिकेट प्रतियो. गिता का रोमांस अपने चरम पर है। खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबला गया व हजारीबाग के बीच खेला गया। जिसमें हजारीबाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में चौके छक्के की बौछार के साथ 156 रन बनाया। वहीं गया कि टीम ने इसके जवाब में 18 ओवर 1 गेंद खेल कर 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर सेमीफाइनल में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही। मैन अ०फ द मैच रोहित त्रिपाठी रहे जिन्होंने गेंदबाजी में चार विकेट लेने के साथ ही बल्ले से 45 रन बनाकर अपनी टीम को बड़ी सफलता दिलाई। उन्हें मैन ऑफ द मैच का परुस्कार मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह, मुकेश कुमार सिन्हा, प्रोफेसर डॉक्टर अंबिका रजक और बसरिया पंचायत के पंचायत समिति प्रति. निधि लखन भुइयां के द्वारा सामूहिक रूप से दिया गया। प्रीमियर लीग के अध्यक्ष राजेश साव, मैच के संचालन करता विजय साव और चंदन पासवान ने बताया कि कल का क्वार्टर फाइनल मैच बिहार के बक्सर और झारखंड के रांची एमसीसी के बीच खेला जाएगा, वहीं उन्होंने यह भी कहा कि हम दोनों को इस मैच का संचालन करने में हमारे गांव के काफी युवाओं का सहयोग मिल रहा है जिनमें मनोज साव, केदार रजक, नकुल साव, पिंटू साव, सुनील पा. सवान, विनोद साव, सुधीर साव, रामभरोस साव, मि. थलेश साव ,विनय साव, जितेंद्र साव,राजू पासवान, गोविंद साव, नंद किशोर साव, सोहन साव राजेश कुमार साव रामदेव साव दीपक साव सहित अन्य शामिल हैं।

## भाकपा माले गांवा एवं तीसरी प्रखंड कमेटी कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : गांवा.**
**गिरिडीह**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : गांवा प्रखंड अंतर्गत गांवा हटिया मैदान के समक्ष भाकपा माले गांवा एवं तीसरी दोनों प्रखंड की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव एवं संचालन तिसरी पार्टी कार्यकारी सचिव मुन्ना राणा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव थें। बैठक में पार्टी मजबूती, नवीनीकरण, रिन्यूवल, किसान महासभा सदस्यता अभियान एवं अगामी 06 मार्च को जिला स्तरीय धनवार में केडर कन्वेंशन को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रा. जकुमार यादव ने कहा की पुरे झारखंड में लगातर किसानों से पैक्स के जरिये जो धान खरीदा जिसका अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। दुसरी महत्वपूर्ण बात है कि झारखंड में जो स्थानीय नीति का मामला है,वो अंतिम सर्वे खतियान आधारित नियोजन नीति बनना चाहिए ताकि झारखण्ड जिस उद्देश्य के लिए अलग राज्य बना उसका सपना पूरा हो सके। झारखण्ड में सरकारें आ रहीं हैं और जा रहीं है लेकिन झारखण्ड के नौजवानों के सपनों को कुचला जा रहा है। आज अपने आप को यहाँ के नौजवान, किसान, मजदूर ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।आज झारखण्ड में हेंमत सरकार है लेकिन जिस तरह से पचास साल से जो ज़मीन लोगों को पट्टा अधारित पर मिला था उस जमीन पर फ०रेस्ट विभाग के द्वारा उस जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। किसानों, दलितों और आदिवासीयों को प्रधान मंत्री अवास बनाने नहीं दिया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी विपक्ष का नेता बनने के लिये तरस रहे हैं। पार्टी को विलय करके बाबूलाल मरांडी झारखण्ड के तीन करोड़ पचीस लाख जनता के साथ विश्वासघात एंव झारखंड के जनता के सपनों को कुचलने का काम किया है। मौके सकलदेव यादव, अशोक मिस्त्री, संजय दास, प्रदीप यादव, दिनेशवर यादव, अम्बिका यादव, कमलेश यादव,आनंदी यादव, करमणी यादव,विकास यादव,सुरेश रविदास समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चलकुशा में महाशिवरात्रि की पूजा अर्चना धूमधाम से मनी



**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड के खरगू शिव मंदिर खारी शिव मंदिर बढ़ानो के बराकर किनारे स्थित शिव मंदिर सलैयडीह पंचायत के चटकरी पहाड़ी मंदिर मनैया पहाड़ी शिव मंदिर चलकुशा शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धुमधाम से पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर बड़ानो शिव मंदिर चटकरी शिव मंदिर में देवी जागरण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर रेखा देवी ,गीता देवी ,बबली देवी, उर्मिला देवी, कलावती देवी ,ममता देवी, गुड़िया देवी ,सुमन देवी, अनार देवी, सविता देवी ,बसंती देवी, रीना देवी लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। मंदिरों के व्यवस्थापक मुखिया सुभाष ठाकुर ,भगत जी, दामोदर सिंह ,मथुरा यादव ,अशोक यादव ,बालमुकुंद चौधरी ,दिनेश सिंह, विनोद कुमार, मनोज राम ,अर्जुन यादव समेत अन्य लोगों के देखरेख में पूजा अर्चना किया गया।

## उज्जैना के ग्रामीणों ने मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार के अध्यक्षता में किया बैठक,मंडप बनाने का लिया निर्णय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के उजैना स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में पटना रोड एवं हसनदाग के ग्रामीणों ने मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार के अध्यक्षता में एक बैठक किया। बैठक में निर्णय लिया गया की खाता संख्या 204 प्ल०ट संख्या 5298 में दुर्गा मंडप बनाने का सहमति हुआ जो वर्षो पहले बुजुर्गों ने लिया था। ग्रामीणों के अनुसार गैरमजूरवा जमीन पर 50 वर्ष पूर्व शिलान्यास किया गया था। उसी की पुनरावृति के लिए बैठक रखा गया था। जिसमे उपस्थित लोग द्वारा चंदा देकर मंडप बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर भगवान केशरी, ईश्वर कु गुप्ता, निरंजन कुमार, कपिलदेव कुमार, रीतलाल कुमार साव, संतोष कुमार साव, लटारी साव, अरुण कुमार, उदय साव, अर्जुन साव, चंदन कुमार, राम सेवक साव, चंद्रदीप सिंह, रंजीत सिंह, जयदीप सिंह, पिंटू साव, महेंद्र कुमार साव, विजय साव, राजेंद्र कुमार केशरी, संजय राणा, बिमल साव एवं अंजन कुमार पासवान मुख्य रूप से मौजूद थे।




APEM LIVE

## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X<sup>th</sup> Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

THE MECHANICS

प्रो0 – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Lifelong ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह की उपनगरी पचंबा के आस पास शिवालयों में शिवरात्री की तैयारी जोर पर

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज महाशिवरात्री की तैयारी पूरे जोर शोर से चल रही है। गिरिडीह के अलावे उपनगरी पचंबा के नर्वदाधम, कोदैयाका पहाड़ी मंदिर प्रतापपुर के पूर्णिया धाम, मगहिया टोला के सार्वजनिक शिव मंदिर में शिव पार्वती विवाह की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। शिव बारात की तैयारी, भंडारा की तैयारी तो कहीं भजन संध्या की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। महा. शिवरात्री की पूर्व संध्या पर भक्तों और श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है। पुजन अर्चन में महिलाओं और कन्याओं की संख्या अधिक देखी जा रही है। हरेक शिव पार्वती विवाह को कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाने का आदेश स्थानीय प्रशासन ने जारी कर रखा है। स्थानीय प्रशासन के निर्देशानुसार शिव बारात को ज्यादा भीड़भाड़ और शोरगुल से बचते हुए निकालना है। पचम्बा नर्वदा धाम के मुख्य पुरो. हित पुरषोत्तम पांडेय का कहना है कि नर्वदा धाम की स्थापना आज से लगभग डेढ़ सौ साल पूर्व मोहन कुमार बगेड़िया के पूर्वजों ने किया था। आज नर्वदा धाम का स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने योगदान देकर सर्वांगीण विकास किया। नरवदा धाम में द्वारिका साहू, छेदीलाल केडिया, बबलू साव, अमित शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## बड़कागांव प्रखंड भर के बुढ़वा महादेव में हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि पूजा संपन्न।

### प्रखंड के तमाम शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड में महा. शिवरात्रि पूजा काफी ध. .मधाम हर्षोल्लास के साथ की गई। प्रखंड के लगभग 50 शिवालयों में दिन भर हर हर महादेव की जयघोष के साथ पूजा-अर्चना होती रही। वहीं महाशिवरात्रि पर शिवालयों में अखंड कीर्तन भजन का दौर देर रात तक चलता रहा। महाशिवरात्रि को लेकर बुढ़वा महादेव विकास सहशांति समिति के तत्वाधान में राम जानकी मंदिर परिसर से भगवान शंकर, विष्णु ,ब्रह्मा व अन्य देवी देवताओं की जीवन झांकी ढोल नगाड़े के साथ शिव बरात के रूप में निक. ाली गई । शिव बारात में सैकड़ों महिला पुरुष शिवभक्त श्रद्धालु शामिल हुए। बारात बड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार होते हुए सूर्य मंदिर प्रांगण पहुंचा। तत्पश्चात शिव बरात बड़कागांव प्रखंड से पैदल मार्च कर तकरीबन 6 किलोमीटर दूर महुदी पहाड़ 500 मीटर ऊंचाई पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचा। बुढ़वा महादेव प्रांगण में बरात का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पूरा बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर हर हर महादेव की जयघोष से गुजमान हो उठा ।उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ पुष्प बेलपत्र चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई एवं भगवान शिव से सुख व समृद्धि की कामना की। वहीं कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिप सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष सुशीला देवी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा नेत्री सह सांसद प्रतिनिधि पुनम साव, केंद्रीय कुशवाह समाज के अध्यक्ष सो. हनलाल मेहता बड़कागांव पश्चिमी मुखिया अनिता देवी, कांग्रेश प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, राजेश गुप्ता, प्रभु राम, सुभाष राणा, सुरेश महतो शामिल हुए। शांति व्यवस्था को लेकर बड़कागांव पुलिस चौकस नजर आई बुढ़वा महादेव में पुलिस बल तैनात किए गए थे। बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय शिव मंदिर में वन क्षेत्र पदाधिकारी छोटे लाल साव के नेतृत्व में धूमधाम से महाशिवरात्रि पूजा की गई एवं रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया । भजन कीर्तन में शामिल लोगों में मुख्य रूप से चंदन सिंह ,नारायण कुमार, भोला साव, कृष्णा कुमार ,केशव महतो, अशोक कुमार, मनोरंजन कुमार, अजय यादव, भूपेंद्र कुमार, अर्जुन यादव लोग शामिल थे। बाबा महादेव पूजा में शामिल लोगों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता, सचिव सुबोध जयसवाल ,कोषाध्यक्ष सुभाष सिंह, रामधनी महतो ,पूजा समिति के अध्यक्ष शिवशंकर उर्फ शिबू , संरक्षक अरविंद कुमार, मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर , मनोरंजन मंत्री सूरज कुमार .सहेश कुमार ,मनोरंजन मंत्री धि. रंजन कुमार,रामचंद्र महतो मीना कुमार मिथिलेश कुमार उज्जवल कुमार मे. वालाल नाग, विकास राज, नरसिंह प्रसाद, पुजारी विशेश्वर महतो, पदुम साव ,पंकज कुमार साव, , हुलास महतो, जयशंकर महतो, के अलावा कई शिवभक्त श्रद्धालु उपस्थित थे।

## शारीरिक शोषण व अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में कांग्रेस नेता गिरफ्तार, जेल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पाण्डेयबारा कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सत्यनारायण पांडेय को चौपारण पुलिस ने मजदूर महिला के साथ शारिरिक शोषण करने व अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ कि जानकारी देते हुए चौपारण थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने बताया कि पीड़ित महिला द्वारा मिले लिखित आवेदन के आधार पर चौपारण थाना कांड संख्या 42/22 धारा 343/376/506 के तहत मामला दर्ज कर जाँच पड़ताल चल रहा था। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मालूम हो कि पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण वह मजदूरी करने के लिए पाण्डेयबारा के निर्माणाधीन पेट्रोल पंप में मजदूरी करने जाती थी। इस दौरान काम दिलाने के एवज में पाण्डेयबारा निवासी सत्यनारायण पांडेय लगातार शारीरिक शोषण करता रहता था एक दिन मजदूरी का राशि देने के नाम पर पाण्डेयबारा स्थित नव. निर्मित पेट्रोल पम्प बुलाकर आरोपी ने पीड़िता को बाइक में बिठाकर बिहार के एक होटल में लेजाकर दुष्कर्म किहे व अश्लील वीडियो बना लिया।

## बिरनी में दूसरे दिन भी हाथियों ने मचाया उत्पात

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**







बिरनी में झुंड से बिछड़े हाथियों ने बिरनी में दूसरे दिन भी जमकर उत्पाद मचाया। जानकारी के मुता. बिक बता दे कि बिरनी प्रखंड अंर्तगत शाखाबारा पंचायत में देर रात को शाखाबारा गांव निवासी इलियास अंसारी का दुकान का दरवाजा तोड़ कर सारा सामग्री क्षति कर दिया।इस गांव निवासी अमीन अन्सारी का बाउंड्री व०ल को क्षतिग्रस्त कर के सारा लगा हुआ प्याज का फसल नष्ट कर दिया।वही घटना की खबर सुनकर शाखाबारा के इंकलाबी नौजवान त्ल। के जिला कमेटी सदस्य इकबाल अंसारी मौके पर पहुचकर घटना की जानकारी ले। अन्सारी ने बातया की इस घटना की सूचना बिरनी बीडीओ सुनील कुमार को दे दिया है।वही बता दे कि सा. `मवार को भी हाथियों ने बिरनी के बंगरकाल पंचायत में घटना का अंजाम दिया था।

## आज बाबा बराकर धाम के शिवालयों में भक्तों की लगी रही ताता।

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



आज गिरीडीह के विभिन क्षेत्रो में शिवरात्रि को लेकर तैयारी पूर्ण हुई बाबा बराकर धाम में महाशिव. रात्रि को लेकर तैयारियां पूर्ण हुई।तथा भक्तो का दिनभर ताता लगा रहा ।लंबी -लंबी कतारों में लग कर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। यहाँ पर बहुत दूर-दूर क्षेत्र से बाबा धाम की दर्शन करने आते है।बराकर शिव धाम के अध्यक्ष विनोद र०य ने बताया कि आज रात्रि में शिव विवाह की झांकी निकलेगी ।जो आस पास के गांवों में झांकी निकाली जाती है।तथा शिवरात्रि की तैयारियां पूरा हो गया है। वही बदडिहा के पास गुजियादिह शिवधाम में भी शिवरात्रि की उपलक्ष में मेला का आयोजन किया गया जाता है। मोके पर अध्यक्ष विनोद र०य, सचिव राजेंद्र राय, अजित पांडेय,प्रभाकर पांडेय,जगरनाथ गोप, धीरज कुमार,

## चंदौल में महाशिवरात्रि के मौके पर भंडारा का आयोजन।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



चंदौल पंचायत के पूँदोल शिव मंदिर में धूमधाम से शांतिपूर्वक महाशिवरात्रि पूजा की गई । पूजा को लेकर पूजा समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विनोद यादव,सचिव सुरेश चौधरी,कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह , ओमप्रकाश नारायण सिंह,सागर यादव,नरेश यादव,बीरेन्द्र सिंह,मनु प्रजा. पति,मो.शमशेर,रामेश्वर महतो,विकाश पांडेय,पंकज यादव,बबलू प्रजापति,रवि प्रजापति,रोहित शर्मा,महेंद्र यादव,कुलेश्वर यादव,रवि पा. सवान,सुरेंद्र यादव,रंजन पांडेय अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़ा बाजार यूथ विंग ने किया महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महाप्रसाद का वितरण

### हर-हर महादेव के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग के बड़ा बाजार चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर के समीप महाशिव. रात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर बड़ा बाजार यूथ विंग के खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम मे सदर विधायक मनीष जायसवाल,बड़ा बाजार यूथ विंग के संरक्षक भैया अभिमन्यु प्रसाद,पूर्व उपमहापौर आनंद देव, गौशाला के पूर्व सचिव चंद्रप्रकाश जैन, महिला नेत्री रुचि,वार्ड 17 की पार्षद काजल चौरसिया, सावित्री देवी सहित कई गणमान्य लोगों ने उप. स्थित होकर श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक भैया अभिमन्यु प्रसाद, अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर जैन विनायका, उपाध्यक्ष विवेक सिन्हा उर्फ पप्पू, गुंजन मद्धेशिया, रितेश खंड. ेलवाल, नीतीश चंद्रा, संजय कुमार डिश, संयोजक विकास केसरी, सदस्य अतिशय जैन सहित कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों का योगदान रहा.... मौके पर सदर विधायक मनीष जयसवाल ने सभी लोगों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा धार्मिक कार्य में योगदान देना सराहनीय है साथ ही उन्होंने सत्यनारायण मंदिर मे माथा टेक कर बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्रवासियों की सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की.... मौके पर पूर्व उपमहापौर आनंद देव ने कहा कि बड़ा बाजार यूथ विंग शहर में एक अपनी अलग पहचान बना रहा है इससे जुड़े सभी पदाधिक. ारी एवं सदस्य बधाई के पात्र हैं जो सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में पूरी एकजुटता के साथ सेवा प्रदान कर रहे हैं.. मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि बड़ा बाजार यूथ विंग का पहला कार्यक्रम है जिसमें सभी लोगों का योगदान और सहयोग प्राप्त हुआ। जिसके लिए बड़ा बाजार यूथ विंग के तमाम पदा. धिकारियों एवं सदस्यों की ओर से उनका आभार प्रकट करता हूं और आशा करता हूं कि आने वाले दिनों में भी उनका सहयोग निरंतर प्राप्त होता रहे। मौके पर सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर जैन विनायका ने कहा कि इतने कम समय में बड़ा बाजार यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जिसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूं साथ ही सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आशा करता हूं कि आपकी उत्साह के साथ हम सभी आगे नि. रंतर सेवा के लिए मौजूद र ह े ं ग े । मौके पररू- यूथ विंग के संरक्षक भैया अभिमन्यु प्रसाद, पूर्व उपमहापौर आनंद देव, अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर जैन विनायका, उपाध्यक्ष विवेक सिन्हा उर्फ पप्पू, गुंजन मद्धेशिया, रितेश खंड. ेलवाल, नीतीश चंद्रा, संजय कुमार डिश, संयोजक विकास केसरी, सदस्य अतिशय जैन,वार्ड 17 पार्षद काजल चौरसिया, सुमित्रा देवी,पूनम देवी, अनूप राजेश लकड़ा, कोमल कुमारी,आकाश कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे

## महाशिवरात्रि को लेकर गाजे बाजे के साथ निकली बाबा भोलेनाथ की बारात

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**





विष्णुगढ़ में महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार को अहले सुबह से हीं प्रखंड के सभी शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों को आकर्षक ढ़ंग से फूलों के झालर एवं बिजली की रोशनी से सजाया गया था। प्रखंड के जमुनियां नदी शिव पार्वती मंदिर, बनासो मंदिर, ब्ल०क परिसर शिवालय, हेठ्ली बोदरा का सिद्धेश्वर महादेव, आदर्श क्लब शिवालय समेत सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। मंदिर परिसर भक्ति गीतों से गूंजायमान रहा। दोपहर बाद जमुनियां नदी शिव पार्वती मंदिर, आदर्श क्लब शिव मंदिर, कसेरा मु. हल्ला शिव मंदिर, नावाडीह शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ बाबा भोलेनाथ की आकर्षक बारात की झांकी निकाली गई। इसमें भूत-बैताल, भालू, बानर बने बाराती आकर्षण का केन्द्र रहे। लोगों ने बारात में जमकर ठुमके भी लगाए। खूब अबीर-गुलाल भी उड़े। बारात विष्णुगढ़ के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। इसके बाद मंदिर में बाबा भोलेनाथ का माता पार्वती के साथ विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया। बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। आदर्श क्लब की झांकी में यशोदा देवी, वरूण कुमार, ओमकार शर्मा, अशोक साव, प्रदीप पांडेय, दिनेश शर्मा, अजीत साव, भीखा साव, मुन्ना साव, जितेन्द्र कुमार, विक्रम कुमार, अजीत कुमार, कामेश्वर शर्मा, संजू साव, सुंदर ठाकुर, कौशल्या देवी, रामप्रसाद पांडेय, विनोद पांडेय, शंभूनाथ पांडेय, प्रकाश साव, अमन पांडेय, राजशेखर शर्मा, धनंजय साव, महेश ठाकुर, अखिलेश्वर शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

फोटो- महाशिवरात्रि के मौके पर निकली बाबा भोलनाथ की बारात में झूमते श्रद्धालु

फोटो- महाशिवरात्रि की झांकी में बाबा भोलनाथ संग माता पार्वती की झांकी

## विस्थापितों की समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्ड**




दो दिनों के हजारीबाग प्रवास के दौरान भारतीय मजदूर संघ के झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार मंगलवार को विष्णुगढ़ पहुंचे। प्रखंड के बनासो पंचायत स्थित नावाटांड सामुदायिक भवन में प्रखंड के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। प्रखंड अध्यक्ष सुरेश राम के नेतृत्व में बैठक की गई। जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री द्वारा ग्रामीणों को संगठन के कार्य, नीतियों एवं सिद्धांतो के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान नावाटांड के विस्थापितों ने प्रदेश संगठन मंत्री के पास अपनी समस्याएं रखी। जिसे उन्होंने बीएमएस, डीवीसी कमेटी तथा झारखंड सरकार को लिखित मांग पत्र देने की बात कही। कहा कि विस्थापितों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बैठक का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेश राम तथा संचालन संगठन मंत्री थानेश्वर महतो ने किया। मौके पर जिला मंत्री शंकर सिंह, जिलाध्यक्ष नवीन सिन्हा, प्रखंड प्रभारी गैले. क्सी गौरव, जिला सहमंत्री मंजू देवी, सक्रिय सदस्य तुलो महतो, ध्रुवा देवी, तिलेश्वर महतो, सीता देवी, रती महतो, सोहर सिंह, बा. सुदेव राम, संजू देवी, नागेश्वरी देवी, गौरी देवी, सुगिया, सुंदरी देवी, बसंती देवी आदि मौजूद थे।

## पिंडाटांड़ पंचायत सचिवालय भवन परिसर में कृषक मित्र ने बांटे कृषि यंत्र

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के सदर प्रखंड स्थित पिंडाटांड पंचायत सचिवालय भवन परिसर में पिंडाटांड़ गांव के कृषक मित्र बालगोविन्द वर्मा ने स्थानीय किसानों को कीटनाशक दवा छिड़काव करने का यंत्र बिल्कुल मुफ्त वितरित किया। कृषक मित्र बा. लगोविंद वर्मा ने बताया कि कुल बीस किसानों को कीटनाशक दवा छिड़काव मशीन बिल्कुल फ्री वितरण किया गया। बीस किसान कीटनाशक दवा छिड़काव मशीन लेने वालो में शंकर महतो, विद्यासागर वर्मा, प्रभात वर्मा, योगेश्वर वर्मा, अनिता देवी, नारायण महतो, बीरेंद्र वर्मा, डूमर महतो, अमृत महतो, सुनिल कुमार वर्मा, यशोदा देवी, पार्वती देवी, सोनी देवी समेत कई अन्य किसान थे।

## पाल्स पोलियो का हुआ समापन।

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




गिरीडीह प्रखंड में तीन दिनों से लगातार चल रही पाल्स पोलियो अभियान का हुआ समापन।पाल्स पोलियो के ठ्ज्ज महादेव सेन ने इसकी जानकारी दी ,पूरे प्रखंड में लगातार पाल्स पोलियो अभियान तेजी चला। कई बूथों में दवाई पिलाई गई। इसके लिए पूरे स्वस्थ्य विभाग रात दिन करके इसे पूरा किया।वैसे भारत पोलियो मुक्त हो गई है फिर भी अब साल में फरवरी माह में इस अभियान को चलाया जाता है।जिससे पूर्ण रूप से पोलियो जड़ से खत्म हो जाये।

## तेलोडीह में धूम धाम से मनाया गया शिवरात्रि, मुखिया प्रत्याशी बासुदेव पंडित हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत दुलमहा पंचायत के तेलोडीह में धूमधाम से शिवरात्रि पूजा मनाया गया। वही इस अवसर पर दुलमाहा पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी बासुदेव पंडित ने भगवान शिव पर जलाभिषेक कर प्रार्थना किया की अपने क्षेत्र में शांति बना रहे, सभी समुदायों के बीच एकता बना रहे। मौके पर कुमार रविदास, अजय पासवान, शिव कुमार यादव, राजेश यादव, राजदेव यादव, सरजू पासवान, सुरेंद्र रविदास, मनोज यादव, मुनिलाल पा. सवान, अजय रविदास, संदीप पासवान, अनिल यादव एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

APEM LIVE